हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

12 योग के माध्यम से हम रह सकते हैं स्वस्थ : संपूर्णानंद



12 इंडोर स्टेडियम पुंडरी में सांसद खेल महोत्सव...



# महाराजा शूरसेन जयंती पर नारनौल में जींद डिपो से गई 49 बसें

■ आधा दर्जन रूटों पर बसों का संचालक रहा बाधित, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाराजा शूरसेन जयंती पर नारनौल में रविवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जींद डिपो से 49 बस भेजी गई। इसके चलते सिरसा, डबवाली, कुरुक्षेत्र सहित डाहौला, खरैंटी, अलेवा, जुलाना, शामलो, रामकली व उगालन जैसे रूट पर बसों का संचालन बाधित रहा। वहीं दूसरी ओर अर्जुन स्टेडियम में बंदा सिंह बहादुर प्रकोशोत्सव के उपलक्ष्य में 79वां वार्षिक धार्मिक दीवान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शहर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए हांसी, नरवाना व असंध रूट पर चलने वाली परिवहन समिति की बसों को भी बस स्टैंड से फ्लाईओवर से होते हुए भेजा गया। जबकि अन्य दिनों में हांसी, असंध व नरवाना रूट की बसें बस स्टैंड से चल कर गोहाना रोड होते हुए लघु सचिवालय, नागरिक अस्पताल पुराना बस स्टैंड, एसडी स्कूल, रुपया चौक, सब्जी मंडी मोड़ होते हुए पटियाला चौक से निकलती हैं। इससे पहले भी 14 नवंबर को राई में आयोजित दादा कुशाल सिंह दहिया का बलिदान दिवस संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना कार्यक्रम में डिपो से 35 बस गई थी। जींद डिपो में इस समय रोडवेज बसों की संख्या लगभग 170 हैं और परिवहन समिति की बसों की संख्या 162 है। जींद डिपो की बसों में हर रोज लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे डिपो को एक दिन में लगभग दस लाख रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होता है। जिलेभर में अलग-अलग रूटों पर 162 प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं। इनमें नरवाना रूट पर 31, असंध रूट पर 16, गोहाना और बरवाला रूट पर 19, हांसी रूट पर 26, पुंडरी रूट पर तीन, जींद से पानीपत रूट पर 26, पिल्लूखेड़ा से रोहतक रूट पर पांच, नरवाना से हांसी रूट पर पांच, नरवाना से कैथल रूट पर 24 और नरवाना से हिसार रूट पर 20 निजी बसें शामिल हैं। रविवार को ग्रामीण क्षेत्र के साथ परिवहन समिति की बस भी फ्लाईओवर से होते हुए भेजी गई।



जींद। बस अड्डा पर परेशान यात्री। फोटो : हरिभूमि

### कुछ ग्रामीण रूट रहे बाधित

जींद बस अड्डा के डीआई सुनील पूनिया ने बताया कि महाराजा शूरसेन जयंती पर जींद से नारनौल में आयोजित कार्यक्रम में 49 बस भेजी गई हैं। इसके चलते कुछ ग्रामीण रूट पर बसों का संचालन बाधित रहा था। सोमवार से सभी रूट पर बसों का संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### हत्या का प्रयास करने का आरोपित गिरफ्तार

जींद। ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत थाना सदर सफीदों पुलिस द्वारा गांव खेड़ा खेमावती में हुए मारपीट एवं जानलेवा हमला करने वाले मुख्य फरार आरोपित तेजबीर उर्फ तेजू को गिरफ्तार किया है। थाना सदर सफीदों के प्रभारी ने बताया कि 11 नवंबर 2024 को थाना सदर सफीदों में शिकायत प्राप्त हुई कि गांव खेड़ा खेमावती में महासिंह तथा उनके परिवार पर 15-0 व्यक्तियों द्वारा तेजधार हथियारों से घर में घुस कर हमला किया गया है। जिसमें महा सिंह, उनकी पत्नी, पुत्र प्रवीण तथा ललित को गंभीर चोटें आईं। महा सिंह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने महासिंह को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तेजबीर को गिरफ्तार कर लिया है।

### पंचायती खागड़ व झोटे पर किया हमला

जींद। गांव हंसडैहर में पंचायती झोटे तथा खागड़ पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। गांव हंसडैहर के सरपंच जरनैल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में पंचायती झोटा तथा खागड़ है। शनिवार रात किसी व्यक्ति ने झोटे तथा खागड़ पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पूर्व में भी पंचायती खागड़ की पूंछ को नुकसान पहुंचाया गया था।

### आढ़ती की दुकान में चोरी करने का आरोपित पकड़ा

जुलाना। जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में आढ़ती की दुकान से चोरी करने के प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। नई अनाजमंडी के आढ़ती रामतिलक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को दिन के समय एक युवक उसकी दुकान में घुसा और गल्ले का ताला तोडने का प्रयास किया। गतौली गांव निवासी आरोपी विक्रम को गिरफ्तार किया है। जुलाना मंडी चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी विक्रम को गिरफ्तार किया है।

### टोल प्लाजा पर युवती से बाइक सवारों ने छीना बैग

जींद। गांव बद्दोवाला टोल प्लाजा के निकट बाइक सवार दो युवकों ने एक युवती से झपट्टा मार कर बैग छीन लिया और फरार हो गए। गांव दनौदा खुर्द निवासी मनजीत ने नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बद्दोवाला टोल प्लाजा पर खड़ी हुई थी। उसी दौरान बाइक सवार दो युवक उसके पास आए और झपट्टा मार कर उसका बैग छीन कर फरार हो गए। बैग मे तीन हजार रुपये की नगदी, एटीएम कार्ड, किताबें तथा कुछ दस्तावेज थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

केंद्रीय मंत्री बोले-बाबा बंदा सिंह बहादुर की जो शिक्षाएं हैं, जो समाज के लिए उनकी देन है, उससे हमें प्रेरणा मिलती है

# भ्रष्टाचार जैसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने में लगे हुए प्रधानमंत्री : मनोहरलाल

## अर्जुन स्टेडियम में तीन दिवसीय धार्मिक दीवान का श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख संप्रदाय (भारत) रजि. के तत्वावधान में अर्जुन स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक दीवान रविवार श्री अखंड पाठ साहिब का भोग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम में बाबा बंदा सिंह बहादुर के दसवें वंशज एवं वर्तमान गद्दीनशीन डेरा बाबा बंदा बहादुर रियासी (जम्मू कश्मीर) बाबा जतिंद्रपाल सिंह सोढी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में हरियाणा विस के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा भी केंद्रीय मंत्री के साथ रहे।

**तीन दिवसीय धार्मिक दीवान का समापन:** गौरतलब है कि अर्जुन स्टेडियम में गत 14 नवंबर को तीन दिवसीय 79वां वार्षिक दीवान श्रद्धा व धूमधाम से आयोजित किया गया। वार्षिक दीवान के दूसरे दिन 15 नवंबर शनिवार को शहर में नगर कीर्तन का निकाला गया। बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख संप्रदाय (भारत) रजि. के राष्ट्रीयध्यक्ष डा. शिव शंकर पाहवा ने बताया कि कार्यक्रम में दसवें वंशज एवं वर्तमान गद्दीनशीन डेरा बाबा बंदा बहादुर रियासी (जम्मू कश्मीर) बाबा जतिंद्रपाल सिंह सोढी का सानिध्य प्राप्त हुआ है। रविवार को श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया।









जींद। गुरु के सम्मुख नतमस्तक होते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल तथा कार्यक्रम में गद्दीनशीन डेरा बाबा बंदा बहादुर रियासी (जम्मू कश्मीर) बाबा जतिंद्रपाल सिंह सोढी से मिलते केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल। फोटो : हरिभूमि

### इस तरह के कार्यक्रम गर्व की बात : डा. मिड्ढा

कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद की धरती पर ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होना सचमुच में जींद के लोगों के लिए गर्व की बात है। यह आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को सुदृढ करता है बल्कि समाज को एकता, सद्भाव और प्रेरणा का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने साढे नौ वर्ष तक मुख्यमंत्री के रूप में हरियाणा के लोगों की सदैव धर्म के रास्ते पर चल कर निष्ठा व समर्पण भाव से सेवा की है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर केवल एक महान योद्धा ही नही बल्कि समाज सुधार, न्याय और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि साहिबजादों के बलिदान और सरहिंद विजय का इतिहास केवल युद्ध का प्रसंग नही बल्कि अत्याचारों के विरुद्ध न्याय और सत्य की स्थापना का संदेश है।

### बाबा बंदा की शिक्षाओं को जीवन में उतारें

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा कि बहुत प्रसन्ना की बात है कि बाबा बंदा सिंह बहादुर का 79वां का धार्मिक दीवान जींद में आयोजित किया गया है। वो पिछले काफी सालों से इस सम्मेलन में शिरकत करते हैं। बाबा बंदा सिंह बहादुर की जो शिक्षाएं हैं, जो समाज के लिए उनकी देन है, उससे हमें प्रेरणा मिलती है। वो अगली पीढ़ी, नौजवानों से आह्वान करते हैं कि वो बाबा बंदा सिंह बहादुर के दिखाए रास्ते पर चलें। बाबा बंदा सिंह बहादुर की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें। बाबा बंदा सिंह बहादुर ने देश के लिए शहादत दी। संत परम्परा के नाते उन्होंने समाज को नई दिशा दी। उन्होंने उस समय जमींदार प्रथा को समाप्त किया। हम भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहे हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने पत्रकारों से बातीचत में कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर की प्रेरणा से ही हरियाणा प्रदेश की साढ़े नौ वर्ष तक सेवा करने का मौका मिला। हमारी सरकार ने भी ऐसी बहुत सी जमीनें जो विभाजन के बाद लोगों को दी गई थी, उनका मालिकाना हक दिया। बाकायदा इसके लिए कानूनन बनाया गया।



जींद। कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल को उनका चित्र भेंट करते हुए।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्णलाल मिड्ढा, बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर पाहवा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, कपूर सिंह वाल्मीकि, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी, मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, पुनीत कौर, भारत भूषण टांक व कमेटी के अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

### फर्म की फर्जी बिल बुक छपवा दुरूपयोग करने पर तीन नामजद

■ पूर्व में फर्म से सामान खरीदते थे आरोपित

जींद। फर्म की फर्जी बिल बुक तैयार करवा और बेचे गए सामान की बिलिंग कर जीएसटी रिफंड राशि हडपने पर अलेवा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव शामदो निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में हरियाणा कृषि केंद्र के नाम से फर्म है। गांव ढाबी टेक सिंह निवासी अनिल भी गांव में कृषि केंद्र चलाता है। पूर्व में अनिल तथा उसके परिजन उससे सामान खरीद कर ले जाते थे। जिसकी बिलिंग वह साथ कर देता था। अनिल तथा उसके परिजनों ने उसकी फर्म की फर्जी बिल बुक छपवा ली। जो उसकी दुकान से सामान खरीदता, आरोपित उसकी फर्म वाली फर्जी बुक से बिलिंग करता। आरोपित ने लगभग एक करोड़ की फर्जी बिल बुक से बिलिंग की। जो जीएसटी बिलिंग के दौरान ली गई। उसे खुद हड़प गए। अलेवा थाना पुलिस ने राजेश की शिकायत पर गांव ढाबी टेक सिंह निवासी अनिल, सुनील, विनोद पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### रंजिशन मारपीट करने पर तीन नामजद

जींद। एडीएम कार्यालय सफीदों के निकट युवक से मारपीट करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खानसर चौक निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव दुराना झज्जर निवासी हन्नी से रंजिश चली आ रही है। वह कार्यवश एसडीएम कार्यालय के निकट से गुजर रहा था। उसी दौरान हन्नी व उसके परिजनों ने उस पर हमला कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने राहुल की शिकायत पर हन्नी, हिमांशु, मुकेश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैथलः युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 62 लाख हड़पे, जांच में तेज

कैथल। कैथल में युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 62 लाख हड़पने के आरोप में दो युवाओं को नामजद किया है। गांव मटोर की सर्वजीत ने चीका थाना में दी शिकायत में बताया कि उसका पति विनोद कुमार विदेश जाना चाहता था। दो साल पहले पति ने गांव पीडल निवासी नरेश व सतपाल से अमेरिका जाने को लेकर बातचीत की थी। आरोपियों ने उसके पति को 62 लाख में विदेश भेजने की बात कही। आरोपियों ने अलग-अलग समय में पति से 54 लाख ले लिए और8 लाख में आरोपी सतपाल के नाम मकान रजिस्टर करवा लिया। सर्वजीत ने कहा कि आरोपियों ने अब रास्ते में उसे मेक्सिको सिटी में रख हुआ है। घर से गए 18 मास हो गए हैं। आरोपी न तो उसे सही जगह पर भेज रहे हैं और न उसे वापस बुला रहे हैं। उसका पासपोर्ट भी मौके पर ब्राजील में डोंकर के पास है, जो नरेश ने दिलवा रखा है। जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

जींद। गांव घोघडिय़ा से बधाना रोड पर कार के अनियंत्रित हो कर पेड़ से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गांव बालू निवासी मनदीप कार्यवश गांव खटकड़ आया हुआ था। जब वह कार में सवार होकर घर लौट रहा था तो गांव घोघडिय़ा से बधाना रोड पर कार अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकराई। जिसमें मनदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लाइन क्रॉस करते ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत

जींद। सफीदों खंड के गांव टीटोखेड़ी में रेलवे लाइन क्रॉस करते समय रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। गांव टीटोखेड़ी निवासी मुकेश (26), व 40 वर्षीय शीला खेतों से पशुओं का चारा लेकर आ रही थी। रेलवे लाइन क्रॉस करते हुए अचानक से मालगाड़ी आ गई और मुकेश रेलगाड़ी की चपेट में आ गई। मुकेश को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



जींद। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खेलकूद

प्रतियोगिता में टीमों के बीच हुए रोचक मुकाबले

# इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना में इंट्रा इंडस फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना में इंट्रा इंडस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें देर रात तक रोमांचक मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट में इंडस पब्लिक स्कूल जींद, हिसार, कैथल मिर्चपुरए रोहतक, पीएमकेवीवाई खांडा खेड़ी तथा मेजबान इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना की टीमों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ग्रुप डायरेक्टर सुभाष श्योराण, ग्रुप कॉऑर्डिनेटर प्रवीन परूथी, इंडस पब्लिक स्कूल जींद की डायरेक्टर रचना श्योराण, डा. संजीव तायल डायरेक्टर इंडस कैरियर इंस्टीयूट्, हैडमास्टर जेएस सारंग, कोच मुनीत बेरवाल, कोच गौरव आशरी और कोच विरेन्द्र गोयत भी उपस्थित रहे। मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। अंडर 14 लड़के में विजेता इंडस पब्लिक स्कूल जींद, अंडर 14 लड़कियां में विजेता इंडस पब्लिक स्कूल जींद, अंडर 19 लड़के में विजेता इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना एवं इंडस पब्लिक स्कूल कैथल एवं अंडर 19 लड़कियां में विजेता इंडस पब्लिक स्कूल रहे।







जींद। जिला खेल अधिकारी को सम्मानित करते निदेशक सुभाष श्योराण तथा खेलों में भाग लेती टीमें। फोटो : हरिभूमि

### विजेता टीमों को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र सौंपा

मुख्य अतिथि रामपाल हुड्डा ने विद्यालय द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने की सराहना की। रेफरी विरेन्द्र गोयत व कोच गौरव आशरी, स्कोर प्रमोद कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। विजेता टीमों को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# चरित्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका बच्चों के बहुत महत्वपूर्ण : जगराम

■ वुडस्टॉक स्कूल में हुआ छात्र चरित्र निर्माण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में चरित्र निर्माण को लेकर कार्यशाला का आयोजन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संयोजक उत्तर भारत शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जगराम ने शिरकत की। जिनका विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के संस्थापक डायरेक्टर और प्रिंसिपल ने स्मृति चिन्ह, पटका पहना कर और नारियल भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया।

मुख्यअतिथि के रूप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. सुनील शर्मा ने शिरकत की। मंच संचालन आशुतोष शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वुड स्टॉक स्कूल के ससंस्थापक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जगराम ने कहा कि चरित्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहाकि शिक्षक छात्रों के लिए मॉडल के रूप में कार्य करते हैं। छात्र शिक्षकों के व्यवहार, आदतों और मूल्यों को देखकर सीखते हैं। शिक्षक छात्रों में अच्छे मूल्यों जैसे कि सच्चाई, ईमानदारी, सहानुभूति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। शिक्षक को निष्पक्ष और न्यायप्रिय होना चाहिए। चरित्र निर्माण में माता-पिता की भूमिका भी अहम होती है। माता-पिता को बच्चों का आदर्श स्वयं बनना चाहिए और दूसरों के उदाहरण देकर उन्हें भ्रमित नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक बच्चे के लिए उसके माता-पिता ही उसके पहले गुरु होते हैं।


माता-पिता मैं बच्चों के लिए घर का वातावरण ही संस्कार और सद्भावना योग्य बनाना चाहिए। बच्चों को हमेशा अनुशासन की शिक्षा देनी चाहिए और बड़ों का आदर सत्कार करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बच्चों से बात करने का तरीका सद्भावपूर्ण होना चाहिए। उनकी सद्भावना नहीं टूटनी चाहिए और हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा देनी चाहिए। इस मौके पर संदीप शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रमेश दलाल, गौरव, आशुतोष शर्मा, मनोज आदि मौजूद रहे।



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

## लाइफ Style



# तमन्ना

## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़िल ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।

## हॉलीवुड मसाला




# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

## टीवी मसाला



# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन का बन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।


## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजनेस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।



# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।



# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



## खबर संक्षेप



हिसार। प्रकाशोत्सव पर कीर्तन करते हुए रागी जत्था। फोटो: हरिभूमि

### गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी ने मनाया गुरु नानक का प्रकाश उत्सव

**हिसार।** गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी, मौहल्ला डोगरान में धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुघर में पहुंचकर माथा टेका। तीन दिनों तक चले उत्सव का समापन रविवार को दोपहर बाद किया गया। गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी सेवा ट्रस्ट के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ 14 नवम्बर को अखण्ड पाठ साहिब के पाठ से किया गया था। बीती रात्रि को भी कीर्तन किया गया।

### कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई

**हिसार।** कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष रतन कुमार बडगुज्जर ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। अनुसूचित विभाग के विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजिंद्रपाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, विधायक दल के नेता भूपेंद्र हुड्डा, सांसद जयप्रकाश, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार बागडी के निर्देशानुसार पार्टी हाईकमान ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। नई कार्यकारिणी में रमेश कुमार लाग्यान अग्रोहा, रणवीर सिंह, अशोक कुमार, बोहत, रामनिवास, इंद्रावती सीसवाला, सतीश कुमार इंदौरा, सुभाष चंद्र गढई, महिपाल को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है।

### सरकार 3 जनवरी को महिला शिक्षक दिवस घोषित करें

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने तेलंगाना सरकार द्वारा स्व. सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस 3 जनवरी को महिला शिक्षक दिवस के रूप में मनाने के फैसले का स्वागत किया है। विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला सचिव विनोद प्रभाकर, वरिष्ठ उप प्रधान सुमन देवी, वित्त सचिव विजेंद्र सिंह, राज्य उप प्रधान अलका, राज्य आडिटर पवन कुमार, उप प्रधान वीरेंद्र सिंह व सह सचिव भूपेन्द्र सिंह ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह निर्णय महिला शिक्षकों के योगदान, उनके संघर्षों और भारतीय शिक्षा में उनकी केंद्रीय भूमिका के औपचारिक सम्मान की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

### कर्म मनुष्य को सुखी और दुखी बनाते : आचार्य

**हिसार।** आर्य समाज लाला लाजपतराय चौक नागोरी गेट का 138वां वार्षिक उत्सव वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया। समारोह में हिसार नगर के अलावा हांसी, फतेहाबाद, बालसमंद आर्य नगर आदि स्थान से अनेक नर नारियों ने भाग लिया। आर्य कन्या पाठशाला, दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय, गुरुकुल आर्य नगर, गुरुकुल धीरणवास, डीएवी स्कूल के स्टाफ और ब्रह्मचारी छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

## इंटर-कॉलेज महिला व पुरुष टेबल टेनिस में दिया दम

प्रो. बिश्नोई बोले, स्वास्थ्य व अनुशासन के लिए खेल आवश्यक

### पुरूष व महिला वर्ग दोनों में यूटीडी ने पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार









हिसार। विजेता महिला टीम के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा विजेता पुरुष टीम के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम में हुई इंटर-कॉलेज महिला व पुरुष वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पुरूष व महिला वर्ग दोनों में यूटीडी ने पहला स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता खेल निदेशालय के अधिष्ठाता प्रो. आशीष अग्रवाल ने की। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि खेल मानव के स्वास्थ्य व अनुशासन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विश्वविद्यालय यूटीडी तथा सम्बद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थियों को हर संभव तथा उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग का हवाला देते हुए बताया कि गुजविप्रौवि राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पहचान मजबूत कर रहा है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि महिला वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय हिसार तृतीय स्थान पर रहे। विजेता टीम में रितिका, मुन्ना देवी, शर्मिला व खुशी शामिल रही। उपविजेता टीम में निशांत जहान, नेहा, आरती व प्रमित शामिल रही। पुरुष वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दयानंद महाविद्यालय हिसार ने द्वितीय तथा सीआरएम जाट महाविद्यालय हिसार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में प्रशांत, निकुंज, मानव, हिमांशु शर्मा व मयंक शामिल रहे। उप विजेता टीम आयूष, ओजस्वी बंसल, कुशाग्रा मित्तल व विजय कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा, ओपी भादू व गंगादत्त यादव सहित अन्य कोच उपस्थित रहे।





महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### आरपीएस ने जीता गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एकबार फिर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित अंडर-11 राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आरपीएस के होनहारों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित आरपीएस स्टाफ ने सभी विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में छात्राओं के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आरपीएस महेंद्रगढ़ ने इस वर्ष का प्रतिष्ठित गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के गर्ल्स ग्रुप डांस में प्रथम, गर्ल्स सोलो सॉन्ग में प्रथम, गर्ल्स सोलो डांस में द्वितीय, गर्ल्स ग्रुप सॉन्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और रनर-अप की ट्रॉफी पर कब्जा किया। पुरूष सोलो सॉन्ग में द्वितीय स्थान, पुरूष सोलो डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने संपूर्ण टीम को बधाई दी। विद्यार्थियों की सफलता उनकी लगन, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि यह जीत विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और प्रोत्साहन का प्रमाण है। इस प्रतियोगिता में राज्य के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया था।

## महारानी लक्ष्मी बाई त्रिलोकचंद स्कूल में मनाया बाल दिवस

- बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार



हिसार। महारानी लक्ष्मी बाई त्रिलोकचंद स्कूल में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में बच्चे व अध्यापकगण।

महारानी लक्ष्मी बाई त्रिलोकचंद स्कूल, भिवानी रोहिल्ला में 14 नवंबर को बाल दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस दिन की शुरुआत विद्यालय के प्रांगण में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें समस्त छात्र-छात्राएं और शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। बच्चों को बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अध्यापकों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू का स्मरण किया और उन्हें बच्चों के प्रिय 'चाचा नेहरू' संबोधन से याद किया। सभा में प्राचार्या सहित शिक्षकगणों ने बच्चों को उनके अधिकारों तथा जिम्मेदारियों के विषय में प्रेरणादायक बातें बताईं और आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच का संदेश दिया। इसी क्रम में शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा के तनाव से दूर रहकर रचनात्मक गतिविधियों और मानसिक विकास पर फोकस करने की भी सलाह दी। बाल दिवस पर विशेष, नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के सभी छात्रों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। कक्षा 6वीं से ऊपर के छात्रों के लिए विद्यालय भवन में बाल दिवस का उत्सव विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ मनाया गया। खेल प्रतियोगिताओं ने बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों के साथ शिक्षकों ने फोटो खिंचवाई।

## एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने एकल गायन और समूह गायन प्रतियोगिता में जीती स्वरांजली ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏩ हांसी





हांसी। विजेता टीम को ट्रॉफी देते एसडीएम राजेश खोथ व समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में रईस लाल धनीराम अग्रवाल घिराइया की यादगार सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल गायन व समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण चल विजयोपहार ट्रॉफी रही। प्रतियोगिता में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हांसी व हिसार के विभिन्न विद्यालयों के छठी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की ओर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी, भिवानी से डॉ रविन्द्र कुमार व हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, हिसार से डॉ. संध्या शर्मा द्वारा निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई गई। प्रतियोगिता में समूह गायन में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रथम, द्वितीय स्थान पर होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल द्वितीय तथा श्री काली देवी विद्या मंदिर की टीम तृतीय रही।

### प्रतिभा निखरती है : सिंह

इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। संगीत का आरंभ व्यक्ति के जन्म के रुदन से लेकर मृत्यु के रुदन तक है। प्रकृति के प्रत्येक कण कण मैं समाया हुआ है, संगीत जीवन का इस अवसर प्रबंधक समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर रजत अग्रवाल, सेक्रेटरी रजत अग्रवाल व केशियर चंद्रभान गर्ग ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समस्त विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए विजेता टीम की प्रशंसा की।





हिसार। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप व हरियाणा स्टेट गेम्स में एलीट स्विम एकेडमी की शानदार उपलब्धियां

**हिसार।** हाल ही में अंबाला व बहादुरगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में एलीट स्विम एकेडमी हिसार के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनायत मोर ने वोमेन सेक्शन में 400मीटर आईएम में प्रथम स्थान हासिल किया। दीक्षिका शर्मा ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में एक काँस्य पदक जीतकर हिसार का सम्मान बढ़ाया। वही रून्नी मोर ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में एक कांस्य पदक हासिल कर अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। और रक्षिता 50 मीटर बैक स्ट्रोक में एक कांस्य पदक जीतकर अपना अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। इसके साथ साथ मेन सेक्शन में लक्ष्य बिजारनीय और यशाश्वी ने भी एक एक कांस्य पदक जीतकर अपनी उत्कृष्टता और समर्पण का परिचय देते हुए तैराकी समुदाय में अपनी छाप छोड़ी। जिला खेल अधिकारी नरेश सैनी जी ने सभी तैराकों, अभिभावकों और कोच को उनकी अद्वितीय उपलब्धियों पर बधाई दी और उन्हें सफलता की ओर तैरते रहने के लिए प्रेरित किया।

## हिसार के तीन साहित्यकार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

- 'तुलसी साहित्य अकादमी' ने भोपाल में दिया सम्मान



हिसार। डॉ. ओमप्रकाश कादयान, डॉ. सुमन कादयान व जयभगवान सैनी को सम्मानित करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

हिसार की मार्वल सिटी में रहने वाले जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार व यायावर छायाकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान, डॉ. सुमन कादयान तथा बड़वाली ढाणी निवासी वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए भोपाल की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'तुलसी साहित्य अकादमी' ने होटल कृष्ण भोग में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार सम्मान समारोह एवं साहित्यकार सम्मेलन में सम्मानित किया गया। डॉ. ओमप्रकाश कादयान को महाकवि तुलसीदास सम्मान, डॉ. सुमन कादयान को रत्नावली सम्मान तथा जय भगवान सैनी को कविरंजन सेनगुप्ता स्मृति तुलसी सम्मान से नवाजा गया। इन तीनों को यह सम्मान मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सभापति डॉ खेमसिंह डहेरिया, सैम ग्लोबल विवि के कुलगुरू डॉ. नरेश कुमार तिवारी, डॉ. प्रभा मिश्रा आदि ने सम्मान दिया।

### राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिताएं शुरू : डीवाईओ

- युवाओं को मिलेगा सक्रिय भागीदारी का सुनहरा अवसर

**हिसार।** प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सरदार @150 पदयात्रा और प्री-इवेंट गतिविधियों के तहत युवाओं के लिए माय भारत पोर्टल पर राष्ट्रीय स्तर की निबंध, रील आदि प्रतियोगिताएं ऑनलाइन माध्यम से शुरू की गई हैं। इनमें अनेक युवा भाग लेंगे। माय भारत की जिला युवा अधिकारी सुश्री कोमल ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन, आदर्शों और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। डीवाईओ ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से सरदार @ 150 रील प्रतियोगिता तथा सरदार @ 150 निबंध प्रतियोगिता शामिल हैं, जिनमें युवा ऑनलाइन भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के विजेता युवाओं के प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन डाउनलोड होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी **https://mybharat.gov.in/pages/unity_march** लिंक पर उपलब्ध है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी शिक्षण संस्थान (स्कूल व कालेज) इस लिंक को विद्यार्थियों के साथ साझा करें, ताकि जिले से अधिकाधिक संख्या में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग)

❖ श्री रिषी पाल सुपुत्र श्री केदार सिंह 338/25, विशाल नगर, गली नं. 5, सोनीपत ❖ मुकेश कुमार सुपुत्र श्री बनवारी लाल, विकास नगर, गली नं. 4, रेवाड़ी ❖ श्री जतिन सुपुत्र श्री सहीराम, म.नं. 360/30, देव कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राजीव कुमार, सुपुत्र श्री राम, म.नं. 258/18, भीष्मपुरा, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री अमन सुपुत्र कंवल चावला, 1807/13, पाड़ा मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कार्तिक सुपुत्र उमेश कुमार, 1060/11, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री चाहत सुपुत्र नवीन, 630/12, गढ़ी मौहल्ला रोहतक ❖ श्री भूपेंद्र सिंह सुपुत्र रोशन सिंह, 869/ए 23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार पुत्र श्री राजकुमार निवासी 1210/4, हरीपुर, पंचकुला ❖ श्री जितेंद्र सिंह सुपुत्र राकुबार भट्ठी, रविदास मंदिर, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति अन्नु सुपुत्री अशोक, गांव व डा. बलियाणा, तह. सांपला, रोहतक ❖ निधि रानी सुपुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, गांव मुमताजपुर, नाहड़, कोसली, रेवाड़ी ❖ श्री किरण भल्ला पत्नी श्रीमति राज कुमार, म.नं. 410/29, राम गोपाल कॉलोनी, रोहतक ❖ गर्वित सुपुत्र श्री जवाहर सिंह मं नं. 104 A-1, पटेल नगर, सोनीपत ❖ राजेन्द्र प्रसाद सुपुत्र श्री गोकुल सिंह, गांव जोनावास, महेन्द्रगढ़ ❖ कुणाल शर्मा सुपुत्र श्री सुनील शर्मा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सितम्बर रंगा सुपुत्र श्री अजायब सिंह, गांव सिहोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री महेश कुमार शर्मा सुपुत्र श्री माहवानंद, म.नं. 783/20, एकता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री जगरूप शर्मा सुपुत्र श्री चंद्रस्वरूप शर्मा, गांव व डा. जसिया, तह. व जिला रोहतक ❖ अनिल कुमार सुपुत्र श्री राम कुमार जांगडा, गांव पाथेडा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान सुपुत्री श्री दिनेश कुमार, गौतम नगर, गोहाना, सोनीपत ❖ खुशी सुपुत्री श्री प्रमोद, ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोला कॉलोनी, करनाल ❖ रणबीर सिंह पुत्र श्री रामसरूप सिंह निवासी बैंक कालोनी, बस स्टैंड के सामने, रोहतक रोड़, भिवानी ❖ श्री नीरज सुपुत्र सुरेंद्र सिंह, 780/34, हरी सिंह कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र मंगलीराम, मेन बाजार, नीयर खुराना अस्पताल, कलानौर, रोहतक ❖ श्री ओम सैनी पत्नी श्रीमति संतोष, शेरविंदर कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ अमित, एससीओ 410 FF, सैक्टर 8, पंचकूला ❖ डॉ. जकबिंदर सिंह सुपुत्र चौधरी सूरज सिंह, गांव व डा. बन, तह. लाडवा, करनाल ❖ कृष्ण पुत्र श्री सतबीर, जुलाना, वार्ड नं.7 निवर शिव मंदिर, जीन्द ❖ शिवम सुपुत्र श्री मनोज कुमार, गांव जुलाना, जीन्द ❖ सत्यनारायण गुप्ता सुपुत्र श्री मदनलाल गुप्ता, वार्ड नं. 1, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री पंकज सुपुत्र सत्यपाल, म.नं. 163/13, हनुमान कॉलोनी, गोहाना रोड, रोहतक ❖ परविन्दर कुमार सुपुत्र भूपेंद्र सिंह चावला, 647/23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार सुपुत्र श्री तोताराम, सिलारपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ धनीराम सुपुत्र श्री सोहनलाल, सुलखा, बावल, रेवाड़ी ❖ धर्मसिंह सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव बिठवाना, रेवाड़ी ❖ सुशील सुपुत्र श्री धूप सिंह गांव जुलाना, जीन्द ❖ जतिन कुमार सुपुत्र श्री गणेश कुमार, उत्तम नगर, गली नं. 4, सोनीपत ❖ चन्द्र हास सुपुत्र श्री मातादीन, सलीमपुर, अटेली मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हुक्म चन्द सुपुत्र श्री प्रभाती लाल, गांव सिलाठपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ पूनम देवी पत्नी श्री नारायण गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ बालकराम सुपुत्र श्री ताराचन्द, बुढा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ श्री सतपाल सुपुत्र श्री रामकुमार, खातीवास, झज्जर ❖ रामनिवास पुत्र श्री निहाल सिंह, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ कृतिका सुपुत्री श्री राकेश, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ काव्या सुपुत्री श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ देवेन्द्र सुपुत्र श्री ताराचन्द, गांव बुढा खेडा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ प्राची बत्तरा सुपुत्री श्री संजय, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कमला देवी पत्नी श्री नरोत्तम दास, गुजरवास, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ सन्दीप सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, वार्ड 8, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़।

*क्रमशः*

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**उपलब्धि** | रियल टाइम भुगतान की धोखाधड़ी में आएगी कमी, आमजन के लिए होगा वरदान साबित

## डॉ. संदीप सिंहमार को यूनाइटेड किंगडम से ई-कॉमर्स और ऑनलाइन भुगतान सुरक्षा उपकरण का मिला पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

जिले के कुलाना गांव निवासी प्रोफेसर डॉ. संदीप सिंहमार को यूनाइटेड किंगडम इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी ऑफिस से रजिस्टर्ड पेटेंट डिजाइन ग्रांट मिला है, जो डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में डिजाइन-आधारित नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपकरण ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान में बढ़ती धोखाधड़ी को रोकने में सक्षम है। डॉ. संदीप सिंहमार का यह नवाचार ऑनलाइन भुगतान धोखाधड़ी की जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर विकसित किया गया है।

यह उपकरण फ्रॉड ऐप और संदिग्ध वेबसाइटों को वास्तविक समय में पहचान कर धोखाधड़ी से बचाव करता है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन लेनदेन सुरक्षित होता है। रियल टाइम भुगतान धोखाधड़ी के ताजा मामले बताते हैं कि अधिकृत पुश भुगतान (ऐप) धोखाधड़ी, खाता अधिग्रहण (एटीओ), फिशिंग हमले, और सीईओ फ्रॉड जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

### भुगतान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की पहचान होगी

उदाहरण के लिए, एप्प धोखाधड़ी में स्कैमर्स किसी ग्राहक को धोखा देकर स्वयं को भुगतान का अधिकृत करता है और तुरंत पैसे ट्रांसफर करवा लेता है। इसी तरह, खाता अधिग्रहण में स्कैमर्स/अपराधी किसी व्यक्ति के ऑनलाइन बैंक या ई-कॉमर्स अकाउंट तक अनधिकृत पहुंच बनाकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करते हैं। ये घटनाएं लाखों लोगों और व्यवसायों को भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। डॉ. संदीप सिंहमार का उपकरण इन जोखिमों को कम करने के लिए मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकों का उपयोग करता है, जो भुगतान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों को तुरंत पहचाने और रोक सके। इससे न केवल उपयोगकर्ता वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि धोखाधड़ी की घटनाओं में तेजी से कमी भी आएगी।

### डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल में मनाया बाल दिवस

**हांसी।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या शैलजा द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पण करके की गई। इसके बाद विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने कविता पाठ, भाषण, नृत्य और गीत के माध्यम से चाचा नेहरू के बाल प्रेम और उनके विचारों को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने बच्चों को पंडित नेहरू के जीवन, उनके योगदान और आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### एएस स्कूल में खेल प्रतियोगिता आयोजित

**पूंडरी।** एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी में खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान सुदेश कुमार बंसल, डॉ. सुभाष चंद बंसल, प्रबंधक विवेक बंसल व स्कूल की प्रिंसिपल गीता देवी ने विशेष तौर पर भाग लिया। प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुदेश कुमार बंसल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्कूल प्रिंसिपल गीता देवी ने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और खेल भावना के महत्व पर प्रेरित किया। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान मेंबरों और स्कूल प्रिंसिपल द्वारा पुरस्कार एवं मेडल प्रदान किए गए।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले की जांच थाना चीका एस एच ओ पी एसआई अमन की अगुवाई में एचसी राजेश द्वारा करते हुए आरोपी गांव पीडल निवासी राहुल व अजय को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पीडल निवासी बलराम उर्फ माम की शिकायत अनुसार वह पिछले कई वर्षों से इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। 8 जून को दोपहर करीब 1 बजे उसके मोबाइल पर निहाल सिंह निवासी पीडल का फोन आया, जिसने अपने खेत में मोटर की तार ठीक करने के लिए बुलाया। वह शाम 4 बजे खेत पर पहुंचा तो निहाल सिंह ने उसे कमरे में बंद कर दिया, जहां 3–4 अन्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

### हर व्यक्ति को जीवन में स्वच्छता अपनानी चाहिए

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने रविवार को हर्बल पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 444वां अभियान हर्बल पार्क स्वच्छता कमेटी के साथ किया गया। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि हर आदमी ने स्वच्छता को अपनाना चाहिए।

### ट्रक की टक्कर लगने से बाइक चालक घायल

**कैथल ।** कैथल के खनौरी रोड पर एक ट्रक ड्राइवर ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक पर सवार युवक उछलकर सड़क के किनारे गड्ढों जाकर गिरा और बाइक ट्रक के नीचे फंस गई। इस हादसे में युवक को काफी चोटें आई है। उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। घायल हुए युवक की पहचान गांव धुंधरेहड़ी के रहने वाले राकेश कुमार के रूप में हुई है। जैसे ही यह हादसा हुआ तो मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 पर कॉल करके तुरंत इसकी सूचना दी। इसके अलावा शहर थाना पुलिस को भी सूचित किया गया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

---

खेतों में जाकर व गांव में बैठक कर किसानों को किया जागरूक

# पुलिस की मुहिम, पराली के अवशेष न जलाएं किसान

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कैथल


**कैथल।** खेतों में पराली न जलाने का आह्वान करते पुलिस कर्मचारी।

जिला पुलिस द्वारा पराली जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से गांव-गांव जाकर किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। पुलिस की टीमें खेतों में व गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रही हैं और उन्हें पराली जलाने से होने वाले नुकसान बारे विस्तार से समझा रही हैं।

एसपी उपासना ने कहा कि धान की कटाई के बाद खेतों में बची पराली को आग लगाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जो न केवल मानव स्वास्थ्य बल्कि पशुओं व पर्यावरण के लिए भी बेहद हानिकारक है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरकता घटती है और भूमि की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। एसपी ने किसानों से अपील की कि वे सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कस्टम हायरिंग सेंटरों व फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों का अधिक से अधिक उपयोग करें। इन यंत्रों की मदद से फसल के अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उर्वरकता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पराली जलाना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि यह कानूनन अपराध भी है। जिला प्रशासन व पुलिस ऐसे किसानों पर सख्त नजर रखे हुए है जो पराली जलाने की कोशिश करते हैं।

**दुष्परिणाम बताए**

प्रबंधको सहित पुलिस टीमें गांवों में जाकर किसानों से बातचीत कर रही हैं और उन्हें पराली जलाने के दुष्परिणामों से अवगत करवा रही हैं। टीमों द्वारा किसानों को समझाया जा रहा है कि पराली जलाने से आसपास का वातावरण दूषित होता है और सांस से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। प्रवक्ता ने बताया कि यह मुहिम लगातार जारी रहेगी और पुलिस गांवों, चौपालों व खेतों में जाकर किसानों को जागरूक करती रहेगी। साथ ही, किसानों से यह भी आग्रह किया जा रहा है कि वे अपने आस-पास के अन्य किसानों को भी समझाएं ताकि कोई भी व्यक्ति पराली को आग लगाने जैसी गलती न करे।

---

# पुंडरी के इंडोर स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


**पूंडरी।** इंडोर स्टेडियम में खेल महोत्सव में खिलाड़ियों के साथ विधायक जांबा।

पूंडरी के इंडोर स्टेडियम में भारतीय खेल मंत्रालय एवं नवीन जिंदल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तर का सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सतपाल जांबा ने किया। विधायक ने इसके उपरांत गांव सांच, भाणा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को निरंतर प्रेरित कर रही है तथा खिलाड़ियों को हर प्रकार की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों के लिए बेहतर स्टेडियम, गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्री, अनुकूल वातावरण तथा खिलाड़ियों को सम्मानित करने हेतु पारितोषिक जैसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विधायक ने कहा कि कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल भी खेलों और खिलाड़ियों के उत्थान में विशेष रुचि रखते हैं और समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा आर्थिक रूप से जरूरतमंद खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करते रहते हैं। विधायक जांबा ने सिरसल और पूंडरी के बीच आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का रिबन काटकर शुभारंभ किया।

### पाजू कलां के तीर्थ पर गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ

**जींद ।** क्षेत्र में गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ पाजू कलां के ऐतिहासिक पारासर तीर्थ में भव्यता और आस्था के साथ हुआ। जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई, पूरा तीर्थ स्थल शंखनाद, भजन कीर्तन और लोक संगीत की ध्वनि से गूंज उठा। श्रद्धालुओ, ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से आए आगंतुकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस पावन आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने कृष्ण रास, कान्हा गुजरिया, मनमोहक भजन तथा हरियाणवी लोक रंग की विविध प्रस्तुतियां देकर माहौल को कृष्ण भक्ति से सराबोर कर दिया। मंच पर उतरी हर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों द्वारा सजीव अभिनय व संगीत की मधुर लहरियों ने पारासर तीर्थ को मानो द्वापर युग के वातावरण में बदल दिया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि श्याम मलिक ने मंच से संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार, विशेषकर कला एवं सांस्कृतिक विभाग व रोहतक मंडल कला परिषद के प्रयासों की सराहना की।

---

# राजपुताना राइफल्स कुश्ती परिवार ने मनाया तीसरा मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


कार्यक्रम में सैनिकों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

राजपुताना राईफल्स सैनिक कुश्ती परिवार के तीसरे मिलन समारोह में सैनिकों के योगदान और बलिदान को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य आयोजक करसोला गांव के पूर्व सरपंच कैप्टन रामफल लाठर ने कहा कि समारोहों का उद्देश्य सैनिकों और उनके परिवारों के बीच एकता और समर्थन की भावना को बढ़ावा देना है। सैनिकों और परिवारों का सम्मान इस समारोहों में विशेष रूप से कुश्ती जगत से जुड़े वीर सेनिको को उनके बलिदान और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। कैप्टन रामफल लाठर ने कहा की कर्यक्रम के आयोजन से सैनिकों और उनके परिवारों के बीच एकता और सामंजस्य की भावना को बढ़ावा मिलता है। सूबेदार मेजर जयबीर सिंह ने कहा कि अपने जीवन के अभूतपूर्व वर्ष देश की सेवा में लगाने वाले देश के वीर सैनिकों को एक परिवार की तरह एक साथ जोड़े रखने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा परिवार मिलन समारोह द्वारा एक साथ आकर रेजिमेंट की यादों को ताजा किया। इस दौरान रेजिमेंट के पूर्व सैनिकों द्वारा रेजिमेंट के वीर बलिदानों सपूतों को याद कर उनके लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। रामफल लाठर ने बताया की मिलन समारोह का मुख्य मकसद अपनी पुरानी यादों को ताजा कर खेलों के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करना है।

### आध्यात्मिक अनुभव से आती स्थिरता और स्पष्टता : कुलवंत

**कैथल ।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के "युवा परिवार सेवा समिति "द्वारा कैथल में युवाओ को समर्पित "संकल्प" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करना और उनके भीतर आत्मिक जागरूकता उत्पन्न करना था। समारोह के मुख्य वक्ता कुलवंत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा अत्यधिक ऊर्जा और क्षमता से भरा हुआ है, किंतु जीवन की तेज़ रफ्तार और बाहरी आकर्षण कई बार उसे उसके लक्ष्य से भटका देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपने भीतर की शक्ति को पहचान ले और उसे सही दिशा में लगाए, तो वह अपने जीवन के हर क्षेत्र में असाधारण सफलता प्राप्त कर सकता है।

---

प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित

# साल 2026 नरवाना में विकास का नया स्वर्णिम अध्याय लिखेगा : बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


**नरवाना।** कार्यक्रम में मंच पर मौजूद कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि 2026 का साल नरवाना में विकास का नया स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। मुख्यमंत्री द्वारा गत 17 अगस्त को नरवाना इलाका के लिए घोषित की गई करीब 300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं पर निकट भविष्य में काम शुरू हो जाएगा। इनमें रेस्ट हाउस के नए भवन का निर्माण कार्य इसी महीना तथा नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग बनाने का काम दिसंबर में शुरू हो जाएगा। इसके अलावा अन्य सभी विकास कार्य भी करीब एक साल में पूरे करवा दिए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी महर्षि वाल्मिकी भवन में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की अवधारणा को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई स्वदेशी अपनाओ. देसी बनाओ मुहिम आत्मनिर्भर भारत के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचण्ड जीत को जन भावनाओं की जीत बताया। एनडीए को मिला अपार समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी कल्याणकारी नीतियों पर जनता का विश्वास है।

---

### सत्यनारायण सोनी सर्वसम्मति से मैढ सुनार सभा के प्रधान मनोनित किए



शपथ लेते हुए नई कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**जींद ।** मैढ सुनार सभा जींद का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन रविवार को स्थानीय सेक्टर 6 में स्थित महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला मे संपन्न हुआ। सम्मेलन मे प्रर्यवेक्षक के रूप मे जींद कोऑपरेटिव बैक के जनरल मैनेजर जयप्रकाश सोनी तथा जिला वन अधिकारी कुरूक्षेत्र मोहन लाल वर्मा की देखरेख में मेढ़ सुनार सभा की नई कार्यकारिणी के चुनाव में सर्वसम्मति से सत्यनारायण सोनी को प्रधान तथा राममेहर वर्मा को महासचिव के पद पर पुन चयन किया गया। कार्यकारिणी मे नरेश सोनी को वरिष्ट उपप्रधान, रमेश वर्मा को उपप्रधान, नरेंद्र भामा को सचिव, गौरव वर्मा को कैशियर, यशपाल आष्ट को सह कोषध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति के पद चुना गया। सम्मेलन मे मनफूल वर्मा, महाबीर प्रसाद सोनी, कृष्ण पटवारी, ताराचंद, इंद्रसिंह वर्मा, जितेश सोनी, रामकुमार वर्मा, महेंद्र सोनी अलेवा, सुरेश मुआनिया तथा बालकिशन सोनी को कार्यकारिण सदस्य के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभा के नव निर्वाचित प्रधान सत्यनारायण सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा, वरिष्ट उपप्रधान नरेश सोनी व वित्त सचिव गौरव सोनी ने बताया कि सभा के सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया है। महासचिव राममेहर वर्मा ने पिछले तीन साल के कार्यों की रिर्पोट तथा कोषाध्यक्ष गौरव सोनी ने वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

---

# मार्केट कमेटी में पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी : बड़ौली

चेयरमैन मनोज उर्फ मीनू शर्मा ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



**जींद।** मंच पर मौजूद नेतागण।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली रविवार को जुलाना की मार्केट कमेटी पहुंचे। जहां नव नियुक्त मार्केट कमेटी चेयरमैन मनोज कुमार उर्फ मीनू शर्मा ने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोहनलाल बडौली ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही राज्य की सभी 114 मार्केट कमेटियों में चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। जिससे मंडियों के कार्य में पारदर्शिता और गति आएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार अंत्योदय की भावना पर आधारित है और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं व सुविधाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की सरकार है और संगठन के हर कार्यकर्ता का सम्मान भाजपा की पहचान है। नवनियुक्त चेयरमैन मीनू शर्मा ने कहा कि सरकार ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी हैए उस पर वो खरा उतरते हुए किसानों के हितों के लिए काम करेंगे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल, गौरव भारद्वाज, सत्यवान खटकड़, रामफल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---



### नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र ने लगाया शिविर

**कैथल।** कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अंतर्गत नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र द्वारा आयोजित 16 से 30 नवम्बर 2025 तक चलने वाले ध्यान शिविर का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक सहभागिता के साथ हुआ। उद्घाटन दिवस पर ही लोगों ने आनापानसति ध्यान सीखकर आत्मिक शांति, मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक जीवन ऊर्जा का अनुभव किया। शिविर की विशेषता यह रही कि सभी आयु वर्ग, बुजुर्ग, युवा, विद्यार्थी और छोटे बच्चे उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और ध्यान का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया। वरिष्ठ ध्यान प्रशिक्षकों मीनाक्षी खुरानिया एवं निखिल खुरानिया ने ध्यान के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित ध्यान तनाव कम करता है, करुणा बढ़ाता है और जीवन में धैर्य व संतुलन का विकास करता है। ध्यान शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे भाव से पम्पलेट वितरण, मार्गदर्शन और ध्यान प्रचार की सेवा निभाई, जिससे बड़ी संख्या में लोग ध्यान से परिचित हुए और इससे जुड़ने के लिए प्रेरित हुए। इस वर्ष का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक ध्यान, शांति और आत्म-विकास का संदेश पहुंचाना है। ध्यान, सेवा और सामूहिक साधना के माध्यम से समाज में शांति, जागरूकता और सद्भाव का विस्तार पूरी तरह संभव है।

---

# दो भगोड़े आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** भगोड़े आरोपी पुलिस गिरफ्त में ।

वांछित व भगोड़े अपराधियों के खिलाफ डीजीपी हरियाणा ओपी सिंह के आदेशानुसार तथा एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रेक डाउन तहत कैथल पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में वर्ष 2021 दौरान साइबर ठगी के एक मामले लगातार फरार चल रहे 2 आरोपियों को पी ओ पकड़ो स्टॉफ द्वारा काबू कर लिया गया।

एसपी उपासना ने बताया कि चंदाना गेट निवासी साहिल की शिकायत अनुसार 11 जून 2020 को एक अज्ञात व्यक्ति का उसके पास फोन आया तथा एक कथित सेना कर्मी बनकर उस अज्ञात व्यक्ति ने कैटरिंग बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की थी। आरोपी ने फोन व व्हाट्सएप के माध्यम से बारकोड स्कैन करवाकर तथा एटीएम कार्ड डिटेल लेकर प्रार्थी के खातों से कुल 2,17,980 रूपये की ठगी कर ली थी। जिस बारे 25 मार्च 2021 को थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की टीम द्वारा उक्त मामले में भगोड़े आरोपी नई गांव जिला मेवात निवासी नोमान व तारिफ को काबू कर लिया गया। मामले की जांच दौरान आरोपियों की पहचान कर ली गई थी, परन्तु आरोपी पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए निरंतर भूमिगत चल रहे थे। आरोपियों को न्यायालय द्वारा 12 फरवरी 2024 को पीओ घोषित किया गया था।

---

**आयोजन** कौल में स्वास्थ्य रक्षक एवं रोग विनाशक योग साधना शिविर लगाया

दस दिन की साधना के बाद योगार्थियों को मिला लाभ

# योग के माध्यम से हम रह सकते हैं सदैव स्वस्थ : स्वामी संपूर्णानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड


**ढांड ।** विधायक सतपाल जांबा को सम्मानित करते स्वामी संपूर्णानंद।

कौल में आयोजित "स्वास्थ्य रक्षक एवं रोग विनाशक योग साधना शिविर" का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह शिविर 4 नवंबर से 14 नवंबर तक कपिल मुनि तीर्थ, कौल में आयोजित किया गया। समापन समारोह में विधायक सतपाल जांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, सरपंच कुसुमलता और सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों तथा योग शिविर में सहयोग करने वाले योगार्थियों का योग प्राचार्य स्वामी सम्पूर्णानंद, कार्यक्रम के आयोजक मास्टर धर्मबीर, बलविंदर फौजी और ग्रामीणों ने गिफ्ट व शॉल देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर मास्टर धर्मबीर और बलविंदर फौजी का विशेष रूप से धन्यवाद किया। समापन समारोह के दौरान योगाचार्य स्वामी सम्पूर्णानंद जी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में लोग घुटनों, कमर, सर्वाइकल और श्वांस संबंधी तकलीफों से पीड़ित होकर आए थे। दस दिन की साधना के बाद अधिकांश योगार्थियों को उल्लेखनीय लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति जो लगभग 30 वर्षों से दमे से पीड़ित था और करीब ढाई दशक से छड़ी के सहारे चलता था, आज बिना किसी सहारे के सामान्य रूप से चलने लगा है और दमे की दवा भी नहीं ले रहा। उसका स्वास्थ्य लगभग 80 प्रतिशत सुधर गया है।

**ग्रामीणों के लिए शिविर लाभकारी साबित**

सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती ने कहा कि गांव कौल में आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुआ। उन्होंने कहा कि "हमारे गांव में बड़ी संख्या में लोग घुटने, कमर दर्द, सर्वाइकल व श्वांस संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं। योग ने लोगों में नई ऊर्जा भरी है। भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन के लिए हम निरंतर प्रयास करते रहेंगे।" कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने योगाचार्य स्वामी सम्पूर्णानंद जी और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया।